*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 23 | इंदौर, सोमवार 04 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## अमेरिका में पहली भारतीय महिला मथुरा श्रीधरन बनीं सॉलिसिटर जनरल

**नई दिल्ली।** अमेरिका में जहां एक तरफ गन कल्चर और हिंसा बढ़ती चिंता का कारण बना हुआ है, वहीं दूसरी तरफ नस्लवाद भी खुलेआम दिखने लगा है। ताजा मामला भारतीय मूल की मथुरा श्रीधरन का है, जिन्हें हाल ही में ओहियो स्टेट का सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। लेकिन इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद मथुरा को सिर्फ इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वो बिंदी लगाती हैं। ओहियो के अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट ने 31 जुलाई को मथुरा श्रीधरन को 12वीं सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया। लेकिन इसके तुरंत बाद सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ नस्लवादी और अपमानजनक टिप्पणियों की बाढ़ आ गई। ट्रोल्स सवाल उठा रहे हैं कि यह पद किसी अमेरिकी को क्यों नहीं दिया गया। कुछ लोग तो उनकी बिंदी के लाल रंग पर भी आपत्ति जता रहे हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इससे कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राष्ट्रपति से मिलने पहुंचे थे। हालांकि, पीएम और गृहमंत्री दोनों की मुलाकात के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर जानकारी दी कि गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की।

## 40 शवों की पहचान पर संदेह

**अहमदाबाद/लंदन।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए 52 ब्रिटिश नागरिकों के परिजन शवों की पहचान को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन की लीगल फर्म की स्टोन लॉ के मुताबिक, भारत से भेजे गए 12 शवों में से दो की पहचान गलत पाई गई। इस हिसाब से 40 शवों की पहचान पर संदेह जताया जा रहा है, जबकि कई शवों का अंतिम संस्कार भी हो चुका है। ब्रिटिश वकील जेम्स हीली-प्रैट ने भारत की जांच एजेंसी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (AAIB) से अपील की है कि वे कॉकपिट रिकॉर्डिंग और फ्यूल-कटऑफ जैसे अहम सबूत परिवारों को दें। ब्रिटिश PM कीर स्टार्मर और PM नरेंद्र मोदी के बीच इस मुद्दे पर हाल में हुई चर्चा के बाद DNA की प्रक्रिया में तेजी आई है। कुछ शवों के DNA से मेल खाने की पुष्टि जल्द होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पत्नी ने पति की हत्या करवाई

भुवनेश्वर। असम के डिब्रूगढ़ जिले में पत्नी ने बेटी की मदद से पति की हत्या करवा दी। घटना जुलाई की है, पुलिस ने रविवार को महिला, बेटी और दो अन्य लोगों को अरेस्ट किया। मरने वाले की पहचान उत्तम गोगोई के रूप में हुई है। वे जमीर के लाहोन गांव के रहने वाले थे। डिब्रूगढ़ के SP वीवी राकेश रेड्डी ने बताया कि बेटी ने अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मां ने बेटी के साथ मिलकर पति को मारने की पहले भी योजना बनाई थी। लेकिन किसी तरह कामयाब नहीं हो पाए। आखिरकार जुलाई में उसे मरवा दिया।

### मुख्यमंत्री का प्रदेश की लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर विशेष उपहार

## लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर शगुन के रूप में दी जायेगी

# 250 रुपए अतिरिक्त राशि

◆ उज्जैन की बेस्ट लाइफ स्टाइल कम्पनी की बहनों ने बांधी मुख्यमंत्री को राखी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की महिलाएं मेरी बहने हैं यह मेरा मान है, सम्मान है, बहनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी 07 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जायेगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। यह राशि प्रतिमाह मिलने वाली 1250 रुपए से अतिरिक्त होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की बेस्ट लाइफ स्टाइल कंपनी में वर्तमान में 1500 बहनों को रोजगार मिल रहा है। आने वाले समय में 4 हजार बहनों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए सरकार कंपनी को नवीन जगह दे रही है, जहां बहनों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बेस्ट लाइफस्टाइल कंपनी उज्जैन में कार्यशील बहनों द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिभा सिंटेक्स भी 7 हजार से अधिक बहनों को रोजगार दे रही है और यह बहने अपनी कार्य कुशलता से ऐसे उत्पाद बना रही हैं, जो सीधे अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है। कंपनी ने 11 लाख यूनिट कपड़े बनाकर अमेरिका को निर्यात किये है, आने वाले समय में यह कंपनी 20 लाख यूनिट बनाकर निर्यात करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा एकसी कर्मशील बहनों के चरणों में प्रणाम है, बहनें मेरे लिए सब कुछ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के कपड़ा मिलो से पहले में 5 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलता था, वर्तमान में 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है और आने वाले समय में यह संख्या लगातार बढ़ती जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की उद्योग धंधे उज्जैन में आ रहे हैं। निवेशक हमारे प्रदेश के प्रति आकर्षित हो रहे हैं, निवेश कर रहे हैं हमें रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं। यह देश-विदेश में हमारे लिए सम्मान की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहने हमारे लिए ईश्वर की एक सौगात है।

त्यौहारों का राजा रक्षाबंधन है, इस त्यौहार में बहने अपने भाइयों के लिए सब कुछ निछावर कर देती है। प्यार, सम्मान, दुलार और दूसरे परिवार में जाकर उनका सम्मान भी बढ़ाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी बहनों को इस बात का भी ध्यान रखना है कि यह कंपनी लगातार कार्य करती रहे और इस कंपनी में अपने समर्पण के साथ काम करें। इस कंपनी से हमें रोजगार मिलता है जीवन यापन का साधन मिल रहा है तो हमें भी समर्पण के साथ काम करना चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार इस कंपनी की बहनों को 5 हजार रुपए प्रदान कर रही है ऐसी भी और कई योजनाएं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही है। आने वाले समय में मध्यप्रदेश सरकार और बेहतर काम करने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कंपनी की बहनों ने राखी बांधी और तिलक लगाया। मुख्यमंत्री ने बहनों को उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक श्री अनिल जैन कालूखेड़ा, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित हजारों की संख्या में लाड़ली बहने उपस्थित रही।

# शहर का पहला रहवासी संघ जहां नहीं होगी बिना हेलमेट अंदर बाहर जाने की अनुमति

### सिल्वर लेक विस्टा सोसायटी में विकास उत्सव, महापौर ने किया 40 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट का लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खंडवा रोड स्थित सिल्वर लेक विस्टा सोसायटी में रविवार को भव्य विकास उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव शामिल हुए। उन्होंने आत्मनिर्भर इंदौर मिशन के तहत सोसायटी द्वारा स्थापित 40 मेगावाट सोलर विद्युतीकरण प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया।**




महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने सोसायटी द्वारा किए जा रहे सतत विकास के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि इंदौर को स्मार्ट और सस्टेनेबल सिटी बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर को आत्मनिर्भर नगर निगम बनाने पर जोर देते हुए पानी, सड़क, ट्रैफिक से जुड़े विकास कार्यों का जिक्र किया और कहा कि जल्द ही ऑन डिमांड कचरा कलेक्शन एप्लिकेशन के लॉन्च के साथ शहर स्वच्छता की दिशा में एक अन्य माइलस्टोन हासिल करेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सोसायटी के अध्यक्ष श्री लवकांत सक्सेना ने कहा, 'हमारी सोसायटी क्लीन, ग्रीन, डिजिटल और सोलर युक्त जीवनशैली को अपनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। हम भविष्य में 60 से 70 मेगावाट सोलर ऊर्जा उत्पादन की योजना पर भी काम कर रहे हैं।'

इस अवसर पर अध्यक्ष श्री लवकांत सक्सेना ने एक विशेष घोषणा करते हुए सोसायटी परिसर में 'नो हेलमेट, नो एंट्री-एग्जिट' अभियान की भी शुरुआत की। उन्होंने बताया कि 'शहर में पहली बार किसी रहवासी संघ द्वारा सर्वसहमति से यह तय किया गया है कि बिना हेलमेट के रहवासी न बाहर जा सकेंगे न ही उन्हें अंदर आने की अनुमति होगी और इसका कड़ाई से पालन किया जाएगा।'

सोसायटी अध्यक्ष श्री लवकांत सक्सेना व उपाध्यक्ष श्री चन्नी भाटिया ने संयुक्त रूप से बताया कि सोसायटी में युवाओं के लिए करियर गाइडेंस कार्यक्रम, बच्चों के लिए आधुनिक लाइब्रेरी, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं, स्विमिंग पूल और जिम जैसी अन्य कई सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध हैं। भविष्य के लिए हम कई अन्य पहलुओं पर भी काम कर रहे हैं जिससे रहवासियों को एक सकारात्मक और ऊर्जावान वातावरण मिलना जारी रह सके। इस अवसर पर वार्ड की पार्षद श्रीमती प्रियंका चौहान, सोसायटी के सचिव श्री निर्मल सिंह चड्ढा, श्री आनंद पाराशर, श्रीमान कंवलजीत जुनेजा, श्रीमती मेघा मुदगिल, श्रीमती विनीता महाजन, श्री महावीर जैन, श्री अभिजीत अकोलेकर तथा सभी कार्यकारिणी सदस्य एवं सिल्वर लेक विस्टा रहवासीगण भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# इंदौर में सरकारी कर्मचारियों के लिए भी हेलमेट अनिवार्य

## महापौर बोले- नो हेलमेट नो लिकर भी हो, 2 दिन में पेट्रोल की बिक्री 30% गिरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अब सोमवार से सरकारी परिसरों में भी हेलमेट को लेकर सख्ती नजर आएगी। उधर मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि नो हेलमेट नो लिकर भी होना चाहिए। हेलमेट के बगैर शराब दुकानों पर ग्राहकों को शराब नहीं दी जाना चाहिए,हालांकि इस तरह का आदेश अभी जारी नहीं हुआ।**




रविवार को इंदौर में नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान का तीसरा दिन रहा। पंप संचालकों ने शुक्रवार से ही सख्ती शुरू कर दी थी और आज भी सुबह से सख्ती जारी है। बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर रोक लगा दी गई है। वहीं, सूचना के लिए प्रशासन ने बोर्ड लगाए हैं। नियम का पालन न करने पर दो पंप सील कर दिए गए हैं। नो हेलमेट-नो पेट्रोल के बाद इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव का तीन दिन में दूसरा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के शराब दुकानों से लोगों को शराब भी नहीं दी जानी चाहिए। मेयर ने अपने बयान में कहा कि मेरा स्पष्ट मानना है कि सभी जगह एक जैसे नियम होने चाहिए। अगर नो हेलमेट-नो पेट्रोल है, तो नो हेलमेट-नो एंट्री भी होना चाहिए और नो हेलमेट-नो लिकर भी होना चाहिए। शासकीय दुकानों पर अगर लोग आते हैं, तो शासन को अपनी दुकानों पर भी यह नियम लागू करवाना चाहिए। इसलिए सभी जगह समान व्यवहार होना चाहिए। बता दें कि इससे पहले महापौर ने कलेक्टर को पत्र लिखकर सरकारी कार्यालयों में भी बिना हेलमेट एंट्री नहीं देने की बात कही थी, जिसके बाद इंदौर कलेक्टर ने इसके आदेश जारी किए थे।

कलेक्टर के आदेश के बाद इंदौर में कुछ लोग इस आदेश का विरोध कर रहे हैं। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि पहले गड्ढें और जाम वाली सड़कों को ठीक किया जाना चाहिए। इसी को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यातायात की समस्या अलग है और सड़कों के मुद्दे अलग हैं। हेलमेट आदि का प्रयोग बहुत आवश्यक हो जाता है, चाहे ट्रैफिक जाम की समस्या हो या कोई अन्य। इसलिए मेरा सभी से अनुरोध है कि प्रशासन जो कदम उठा रहा है, उसमें सभी लोग सहयोग करें। हमने यह आदेश भी निकाला है कि सभी सरकारी कार्यालयों में आने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों और अन्य लोगों से हेलमेट का पालन सुनिश्चित कराया जाए। इंदौर में नो हेलमेट-नो पेट्रोल नियम लागू होने से रोजाना पेट्रोल की बिक्री में 30% की गिरावट आई है। पेट्रोल पंप संचालकों से मिली जानकारी के अनुसार, यह आदेश लागू होने से पहले रोजाना 10 लाख लीटर पेट्रोल की बिक्री होती थी। लेकिन आदेश लागू होने के बाद पहले दिन इंदौर में पेट्रोल की बिक्री में 30% यानी 3 लाख लीटर की गिरावट आई।

## जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति भरोसे में लिए बिना यह निर्णय क्यों लिया?

**इंदौर।** बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दिए जाने का मुद्दा शनिवार को भाजपा की बैठक में भी छाया रहा। बैठक में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों ने इस पर आपत्ति जताई कि उन्हें भरोसे में लिए बिना यह निर्णय क्यों लिया गया। कुछ ने तो यहां तक कह दिया कि जनता ने हमें किसलिए चुना है? ऐसा कोई भी तुगलकी निर्णय लेने से पहले यह सोचना चाहिए था कि इसका असर क्या होगा। सभी ने एक स्वर में कहा कि ऐसे निर्णय लागू करने से पहले जनजागरण अभियान चलाया जाना चाहिए था। कुछ हफ्तों की समय-सीमा दी जाती, जिससे लोग खुद को इसके लिए तैयार कर सकते। यहां तो रातों-रात निर्णय ले लिया गया और लोगों को समय तक नहीं दिया गया। सभी जनप्रतिनिधि कलेक्टर आशीष सिंह से मिलकर फिलहाल इस निर्णय में राहत देने की मांग करेंगे। बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती और नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा उपस्थित थे।

## 2 सिर वाली बच्ची के संघर्ष ने चौंकाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में जन्मी दो सिर वाली बच्ची मेडिकल क्षेत्र में एक नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रही है। दरअसल, वह 22 जुलाई को अपने जन्म से ही सरकारी महाराजा तुकोजीराव हॉस्पिटल (MYH) वेंटिलेटर सपोर्ट पर है।**

एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसे बच्चों की या तो गर्भ में ही मौत हो जाती है या फिर जन्म लेने के एक-दो दिनों में ही दम तोड़ देते हैं। यह बच्ची डॉक्टरों के लिए भी एक केस स्टडी है। इलाज करने वाली टीम का कहना है कि बच्ची की कंडीशन शुरू से ही क्रिटिकल है और अभी वैसी ही बनी हुई है। इसका खास कारण वेंटिलेटर सपोर्ट, लगातार चल रही दवाइयां और विशेष प्रक्रिया से दिया जाने वाला मां का दूध है। ये तीनों उसके लिए मजबूत सपोर्ट हैं। इनमें से एक भी बंद किया तो उसके लिए रिस्की हो सकता है। इसके चलते पूरे समय वह इस सिस्टम के कारण जीवित है और पल-पल जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही है। डॉ. सुनील आर्य के मुताबिक- बच्ची का दूसरा सिर कंधे से ऊपर है। ऐसे में उनकी सर्जरी संभव ही नहीं है क्योंकि पेट एक ही है। डॉक्टर्स लगातार उसका ध्यान रख रहे हैं। आमतौर पर पीआईसीयू में अन्य कारणों या बीमारियों के कारण जन्मे बच्चे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रहते हैं लेकिन इस बच्ची का मामला बिल्कुल अलग है। देश में एकाध ही कोई ऐसा केस होगा जिसमें इस तरह के बच्चे 2 दिन से ज्यादा जीवित रहे हो।

## ई रिक्शा और ऑटो को बाजारों व्यस्ततम क्षेत्र में नहीं दी जाएगी एंट्री

### कलेक्टर ने यातायात विभाग को दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है। 15 अगस्त और राखी के प्रमुख त्योहार को देखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने व्यस्ततम चौराहों और राजवाड़ा, शीतला माता बाजार, बर्तन बाजार, मारोठिया क्षेत्र में ई रिक्शा के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इन क्षेत्रों में होने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक विभाग को जहां निर्देश दिए गए हैं, वहीं प्रशासन के अधिकारी सडक़ों पर सामान फैलाने वाले दुकानदारों पर भी नजर रखेंगे। रोस्टर प्रणाली अपनाकर एसडीएम, तहसीलदार और नगर निगम के अधिकारियों की ड्यूटी तय की जा रही है।**



राखी के पर्व पर बाजारों में खरीदारों की संख्या बढऩे लगी है। राजबाड़ा सहित मुख्य बाजारों में आए दिन जाम लग रहा है। खरीदारों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आने वाले ग्राहकों को व्यस्ततम क्षेत्र में जाम की स्थिति से बचाने के लिए एक हफ्ते पूर्व ही व्यवस्थाएं जमाने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर आशीष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राजबाड़ा शीतला माता बाजार जैसे भीड़ वाले इलाकों में तीन पहिया वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित की जा रही है। ट्रैफिक विभाग को निर्देश जारी किए गए हैं कि जल्द से जल्द व्यवस्थाओं को पूर्व में ही चाकचौबंद कर लें, ताकि त्योहार के समय दबाव की स्थिति से बचा जा सके। ज्ञात हो की मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा सामान रोड तक प्रदर्शित किया जाता है, जिसके कारण भी जाम की स्थिति बनती है, जिस पर भी लगाम लगाने की अभी से तैयारी की जा रही है। एसडीएम, तहसीलदार और अन्य अधिकारियों को पूर्व में भी ट्रैफिक व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी जा चुकी है, जिसे फिर से लागू किया जा रहा है।

## एरोबिक्स क्लब मेघदूत ने बनाया मित्रता दिवस

### सदस्यों ने दी एक-दूसरे को बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एरोबिक्स क्लब मेघदूत द्वारा आज मेघदूत उपवन में मित्रता दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में सभी साथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मित्रता दिवस की एक-दूसरे को बधाई दी क्लब के मुख्य प्रशिक्षक जितेन्द्र मेश्राम कोषाध्यक्ष राजिंदर भाटिया,एडमिन माया मेश्राम ने बताया कि मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में डीएसपी शैलजा भदौरिया ने सभी को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि ये परिवार एक पसीना बहाने वाला परिवार है जो सभी के साथ खुशियां बांटता है यदि आपके मित्र हैं तो आप सबसे अधिक धनवान हैं और आप धनी हैं तो एक-दूसरे के साथ आत्मीयता प्रेम बनाए रखें एक-दूसरे के सहयोग में खड़े हों और समय पर अपने मित्रों का सहयोग करें,साथ दें।



क्लब की सदस्य अंजलि बर्मन और रचना गोयल ने इस अवसर पर एक शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। मित्रता दिवस के मौके पर हर आयु वर्ग के लोग एक-दूसरे के साथ खुश नजर आए और सभी ने अपनी भावनाएं साझा की आज का दिन एक विशेष दिन के रूप में मनाया गया क्लब के मुख्य प्रशिक्षक जितेंद्र मेश्राम ने सभी से कहा कि एक-दूसरे के साथ जुड़े रहें इस बड़ी उम्र में आपके साथ दोस्त हैं यह बहुत बड़ी बात है वरना सब अपने अपने कार्यों में व्यस्त हो जाते हैं परिवार के सदस्यों के पास वरिष्ठ परिजनों के लिए समय नहीं होता। ऐसे में मित्रता बनाए रखना बेहद आवश्यक है क्योंकि बढ़ती उम्र में मित्रों का साथ बेहद कारगर होता है। इस अवसर पर मेंटर प्रकाश पूनम भगत,प्रेम नारायण सूर्य वंशी, मीना चंद्र शेखर खत्रा,नंदना मनीष पाल,सविता अग्रवाल,नेहा भावसार सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य उपस्थित थे। संचालन एडमिन आशा कोष्टा ने किया क्लब के सदस्य उज्वल शेंडे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पर्यटकों की सुरक्षा के लिए उठाए कदम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बारिश में पर्यटन स्थलों पर होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने अहतियाती कदम उठाए हैं। कुछ स्थानों पर बैरियर लगाकर, तो कुछ पर साइन बोर्ड लगाकर पर्यटकों को फिसलन और गहरे पानी जैसे खतरनाक स्थलों से दूर रहने या संभलकर रहने की चेतावनी दी जा रही है। वहीं कुछ प्रतिबंधित स्थानों पर आवाजाही पर पुलिस ने पूरी तरह से रोक लगा दी है।**



डीसीपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम लगातार पर्यटकों की सुरक्षा के लिए प्रयास कर रही है। लोगों को प्रतिबंधित इलाकों में जाने से रोकने के लिए रतवी फाटा फॉरेस्ट चौकी पर बैरियर लगवाए हैं। साथ ही आगे आने वाले पर्यटक स्थलों (जैसे रेशिया कुंड, लोधिया कुंड, मंदादेव एवं कालाकुंड) और इन रास्तों पर पड़ने वाली नदी के रपटों, पुलिया (जिन पर बारिश का पानी ऊपर से बहता है) के दोनों किनारों पर सावधानी संकेतक लगवाए हैं। ताकि जंगलों में प्रवेश का प्रतिबंधात्मक संबंधी कलेक्टर के आदेश का सख्ती से पालन हो सके।उन्होंने बताया कि रतवीं, ततसे, कालाकुंड तक नदी पर बने सभी क्षतिग्रस्त रपटे-पुलिया की मरम्मत के लिए सीईओ महू को लेटर लिखकर जानकारी दी गई है। साथ ही वन विभाग के एसडीओ इंदौर को भी लेटर लिखकर पर्यटक स्थलों पर दूरस्थ क्षेत्रों में सावधानी संकेतक लगाने और इन जगहों पर वनकर्मी तैनात करने को कहा गया है।

# फार्मा कंपनी के कर्मचारी से धोखाधड़ी

" अंदर से देखने के लिए कार में बैठा और फरार हो गया "

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। खजराना क्षेत्र में एक फार्मा कंपनी में कार्यरत कर्मचारी से कार खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने फेसबुक पर कार बेचने का विज्ञापन देखने के बाद खुद को ग्राहक बताकर कार देखने के बहाने व्यक्ति को मिलने बुलाया और मौका पाकर कार लेकर फरार हो गया। खजराना पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी प्रेम बहादुर सिंह तोमर ने शिकायत में बताया कि वह एक फार्मा कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने अपनी कार (MP09-HE-9722) को बेचने के लिए फेसबुक मार्केटप्लेस पर विज्ञापन अपलोड किया था। 30 जुलाई को उन्हें एक अनजान व्यक्ति का वॉट्सऐप मैसेज आया, जिसमें उसने कार खरीदने में रुचि दिखाई। बातचीत के बाद आरोपी ने प्रेम को सी-21 बिजनेस पार्क टास्कन के सामने बुलाया। प्रेम तय समय पर वहां पहुंचे तो उस नंबर से बातचीत करने वाला व्यक्ति सामने आया। आरोपी ने पहले कार का रजिस्ट्रेशन नंबर मांगा और फिर चाय पीने की बात कहकर प्रेम को बातों में उलझा लिया। इसी दौरान आरोपी ने प्रेम से कहा कि वह कार अंदर से देखना चाहता है। जैसे ही प्रेम का ध्यान चाय की ओर गया, आरोपी कार लेकर मौके से फरार हो गया।

# शराब पीकर गाड़ी चलाते 140 मिले 1101 बदमाशों को चेक किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पुलिस ने शनिवार-रविवार दरमियानी रात को शहर में कॉम्बिंग गश्त और सरप्राइज चैकिंग की। इस दौरान कई गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों को पुलिस ने चेक किया। साथ ही शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई की। शहर के चारों जोन, ट्रैफिक डीसीपी के नेतृत्व में संबंधित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने सभी थाना क्षेत्रों में गश्त की गई।**



कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने शहर में गुंडे बदमाशों और असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए 1101 बदमाशों को चेक किया। इनमें से 533 पर उचित वैधानिक कार्रवाई की गई। इसमें कई केसों में 277 से ज्यादा वारंटों को तामील कराया गया, जिसमें लंबे समय से फरार 63 स्थायी, 81 गिरफ्तारी और 133 जमानती वारंट के साथ 142 समंस भी तामील किए गए। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों को भी पुलिस कार्रवाई की। 140 वाहन चालकों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई। ये कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए लोगों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे लापरवाह वाहन चालकों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले 4 लोगों के खिलाफ भी मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई। पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध रूप से पब्लिक प्लेस में शराब पीने वालों पर भी कार्रवाई की। वहीं, पुलिस ने आदतन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 96 बदमाशों/असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई/समंस तामील किए।



## गर्ल्स स्कूल में रोजाना निकल रहे कोबरा सांप

**सागर।** देवरी में एक गर्ल्स स्कूल में रोजाना सांप निकल रहे हैं। इससे यहां पढ़ने वाली 1100 छात्राओं के साथ स्टाफ भी दहशत में हैं। स्कूल प्रबंधन ने सुरक्षा के लिहाज से 5 क्लासरूम को बंद करा दिया है। 15 दिन में अब तक 25 नाग-नागिन को पकड़ा जा चुका है। मामला देवरी के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में का है। यहां कक्ष क्रमांक 4 और 5 में सबसे ज्यादा सांप देखे गए हैं। प्रबंधन ने इन कक्षाओं के फर्श की खुदाई कर कांक्रीट कराने का फैसला किया है।

## अस्पताल में बिजली गुल, डिलीवरी रोकी

**नर्मदापुरम।** जिला अस्पताल में शनिवार-रविवार दरमियानी रात करीब साढ़े 4 घंटे बिजली गुल रही। दो बार बिजली जाने से प्रसूता वार्ड, भर्ती वार्ड, वेटिंग रूम और बच्चा वार्ड अंधेरा रहा। गर्मी और उमस के कारण नवजात और महिलाएं बिलखती रहीं, परिजन टॉर्च और हाथ के पंखे से काम चलाते रहे। पहली बार रात 8:50 बजे से 10:20 बजे तक अस्पताल के आधे हिस्से और डॉक्टर्स कॉलोनी की बिजली गुल रही। इसी दौरान एक गर्भवती की डिलीवरी रोकनी पड़ी। दूसरी बार रात 2:30 से सुबह 5 बजे तक फिर बिजली चली गई, जिससे हालात और बिगड़ गए। उमस के कारण कई महिलाओं की तबीयत बिगड़ी गई। वे उल्टियां करने लगीं।

## गिफ्ट देकर प्रेमी ने पेचकस से किया हमला

**जबलपुर।** कॉलेज छात्रा को गिफ्ट देकर पेचकस मारने वाले युवक का रविवार को रांझी मानेगांव में जुलूस निकाला गया। उसे उसी जगह पर ले जाया गया जहां उसने वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी मोनू और युवती करीब 10 दिन पहले बरगी डैम घूमने गए थे। वहां दोनों में विवाद हो गया तो युवती ने अपने पिता को बुला लिया और उनसे कहा कि मोनू उसे जबरन ले आया था। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। इसी बात से नाराज होकर युवक ने 1 अगस्त को कॉलेज से लौट रही युवती को रोक लिया। आरोपी ने युवती को पहले गिफ्ट दिया और फिर उस पर पेचकस से हमला कर दिया। आरोपी और युवती दोनों एक-दूसरे को लंबे समय से जानते थे। मोनू के घर से 200 मीटर की दूरी पर ही युवती का घर है। इधर, मेडिकल कॉलेज में भर्ती छात्रा की हालत खतरे से बाहर है।

# लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से तेजी से हो रहे प्रदेश में विकास कार्य

**रक्षा-सूत्र केवल धागा नहीं संकल्प है लाड़ली बहनों की रक्षा का, सहयोग का और स्वप्नों को साकार करने का : मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज में जहां भी हूं बाबा श्रीमहाकाल और आप सभी लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से हूं। लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में विकास के सभी कार्य तेजी से हो रहे हैं। सनातन संस्कृति के सभी त्यौहार हमें जोड़ने का कार्य करते हैं और पारिवारिक संबंध मजबूत करते हैं। रक्षाबंधन के त्यौहार पर जब बहनों के साथ भांजे भांजी का घर में आगमन होता है तो घर की रौनक और भी बढ़ जाती है।

रक्षा-सूत्र केवल धागा नहीं एक संकल्प है बहन की रक्षा का, सहयोग का और स्वप्नों को साकार करने का। भगवान श्री कृष्ण को द्रौपदी ने रक्षा-सूत्र बांधा, भगवान श्रीकृष्ण ने राखी का मान रखना सिखाया। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी कर्तव्यों में बहन द्रौपदी की हर समय, हर परिस्थिति में रक्षा की। भगवान शिव की शक्ति माता पार्वती भी प्रकृति को कष्ट होने पर माँ कालिका का रूप लेकर कष्टों का निवारण करती हैं। इसी प्रकार लाड़ली बहनें भी प्रदेश और समाज के सभी कष्टों का निवारण करती हैं। बहनों, बुआ और बेटियों से ही पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक समृध्दि होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन स्थित रघुनंदन गार्डन में रविवार को लाड़ली बहनों द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मनों को यह बता दिया कि हम बहनों के सिंदूर की रक्षा के लिए कृत-संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में बहनों का सशक्तिकरण करने के लिए लखपति



दीदी और ड्रोन दीदी आदि योजनाएं संचालित की जा रही हैं। दुनिया के सभी देशों में केवल भारत ही है जहां त्यौहार को रिश्तों से जोड़कर सामूहिक जीवन जीने की शैली सिखाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार बहनों के जीवन में समृध्दि लाने के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार बहनों के उत्थान के लिए सदैव कार्य करती रहेगी। लाड़ली बहनाओं को वर्तमान में 1250 रुपए की राशि प्रदान की जा रही है उसे बढ़ाकर भाईदूज से 1500 रूपये किये जाएंगे। बहनों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा संपूर्ण मदद की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से कारखानों में कार्य करने वाली हर बहन को 5 हजार रुपए की राशि दस वर्ष तक प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत लाड़ली बहनों को झूला झुलाकर की। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कन्या-पूजन भी किया गया। इस अवसर पर कन्याओं को स्कूल बैग और पुस्तकें भेंट की गईं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहनों पर पुष्प वर्षा की और उनसे राखी बंधवाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लाड़ली बहनों ने हस्तनिर्मित बड़ी राखी भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में लाड़ली बहनों का आभार ''फूलों का तारों का, सबका कहना है; एक हजारों में मेरी बहना है'' गीत गाकर प्रकट किया। रक्षाबंधन कार्यक्रम में बडी संख्या में लाड़ली बहनें, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव, संजय अग्रवाल, रवि सोलंकी, पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित थे।

# तालाब में गिरा ट्रैक्टर, पानी भरते समय हुआ हादसा, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी।** भौंरासा थाना क्षेत्र के सिखेड़ी गांव के समीप पहाड़ियों के बीच बनी तलाई में रविवार दोपहर एक हादसा हो गया। दवा छिड़काव के लिए ट्रैक्टर में लगे पंप की टंकी में पानी भरने के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गया। हादसे के दौरान ट्रैक्टर में दो युवक सवार थे, इसमें से एक तैरकर बाहर निकल आया लेकिन दूसरे की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद क्रेन की मदद से ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची एसडीईआरएफ की टीम ने सर्चिंग करके दूसरे युवक का शव निकाला। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। पुलिस ने मामले में दर्ज कर जांच शुरू की है। भौंरासा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12.30 बजे घटना हुई। देवेंद्र



सिंह पुत्र भारत सिंह गुर्जर निवासी सिखेड़ी ट्रैक्टर में पंप से खेतों में कीट नाशक दवाई छिड़कने का काम करता था। वो ग्राम के एक किसान के यहां दवाई छिड़कने के लिए तलाई से दवाई की टंकी में पानी भरने गया था। टैक्टर को रिवर्स लेते समय पिछला पहिया तलाई में धंस गया और देवेंद्र व एक अन्य सहयोगी ट्रैक्टर सहित गहरे पानी में डूब गए, इस दौरान दूसरा युवक तैरकर बाहर आ गया। उसने आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों को आवाज देकर बुलाया परंतु जब तक ट्रैक्टर गहरे पानी में डूब गया था। मामले की सूचना भौंरासा पुलिस को दी गई। इसके बाद क्रेन को बुलवाया गया, काफी देर की मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को बाहर निकाला जा सका। उधर एसडीईआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। सर्चिंग के दौरान देवेंद्र गुर्जर को गहरे पानी से निकाला गया। भौंरासा पुलिस द्वारा पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# 25 हजार बच्चों का बदलेगा स्कूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश के 264 स्कूलों पर मर्जर का ताला लगने जा रहा है। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने उन स्कूलों की सूची जारी कर दी है, जिन्हें 27 नये सांदीपनि विद्यालयों में मिलाया जाएगा। इस प्रक्रिया से कुल 25 हजार विद्यार्थी प्रभावित होंगे। ऐसे विद्यार्थियों का नामांकन अपने पुराने स्कूल से हटाकर तय सांदीपनि स्कूल में कराया जाएगा। डीपीआइ ने सभी सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को मर्ज होने वाले स्कूलों की सूची भेजकर प्रक्रिया पूरी कराने को कहा है। इस प्रक्रिया में आदिवासी बहुल बालाघाट जिले के स्कूल सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। बालाघाट के 62 स्कूलों को केवल तीन सांदीपनि विद्यालयों में मिला दिया जाएगा। मंदसौर के 36 स्कूलों के विद्यार्थी सांदीपनि में पढ़ेंगे। नीमच के 25, छतरपुर के 23, ग्वालियर के 19, निवाड़ी व बैतूल के 18, सीहोर के 13, मुरैना के 10, उज्जैन के आठ स्कूल मर्जर सूची में शामिल हैं। भोपाल के एक कमला नेहरू सांदीपनि स्कूल में 13 स्कूलों के 1130 बच्चे शिफ्ट होंगे।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैंनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111050101

## संपादकीय

# कनाडा में मिला तांबे और सोने का भंडार

कनाडा के उत्तरी ब्रिटिश कोलंबिया में तांबे और सोने के भंडार का पता चला है। जमीन की सतह से केवल 59 फीट नीचे इन कीमती धातुओं की खोज हुई है। इसने कनाडा के खनिज क्षेत्रों में दुनिया की रूचि को फिर से जगा दिया है। ऑरोरा नाम के इस स्थल पर 2024 से पहले कभी ड्रिलिंग नहीं की गई थी, अब यहां बड़ी कामयाबी मिली है। यह खोज कनाडा की अर्थव्यवस्था को ताकत देने के साथ ही खनन क्षेत्र में भी उसके दबदबे को बढ़ाएगी। अर्थ डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, अमार्क रिसोर्सेज प्रोजेक्ट में की गई यह खोज गोल्डन ट्रायंगल के उत्तरी किनारे पर स्थित है। यह इलाका अपनी भूवैज्ञानिक क्षमता के लिए जाना जाता है। हालांकि कठोर क्षेत्र परिस्थितियों के कारण यहां बहुत ज्यादा रिसर्च नहीं हो सकी है। यह खोज कनाडा के इस हिस्से में बड़े पैमाने पर रिसर्च की वापसी का संकेत देते हैं। यह खोज JP24057 नाम के छिद्र में की गई, जो सतह से केवल 59 फीट नीचे से शुरू होकर 131 फीट की गहराई तक जाता है। यहां औसतन 1.24 ग्राम प्रति टन सोना और 0.38 प्रतिशत तांबा पाया जाता है। इतनी कम गहराई पर खनिजीकरण का यह स्तर स्थापित खनन क्षेत्रों में एक दुर्लभ घटना है। इसी छिद्र से एक और गहरी ड्रिल ने बेहतर परिणाम दिखाए, जहां 190 फीट की गहराई पर 1.97 ग्राम सोना और 0.49 प्रतिशत तांबा पाया गया। ऑरोरा टूडोगोन ज्वालामुखी चाप के उत्तरी किनारे पर है। हाल के जलवायु परिवर्तनों ने मौसमी ड्रिलिंग के नए रास्ते खोल दिए हैं। इस खोज को विशेष रूप से सामयिक बनाने वाली बात बुनियादी ढांचे की तैयारी और वैश्विक बाजार के रुझानों का मेल है। इसके आसपास बुनियादी ढांचे की मौजूदगी खदान की लागत को कम कर देती है।

isha



**प्रेम कोई सुविधा का साधन नहीं है, यह खुद को मिटाने की एक प्रक्रिया है।**

– जग्गी वासुदेव


# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

### "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

### - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।

**Email - babapandit.in@gmail.com**

New Delhi

# सरकार ने 37 जरूरी दवाओं की कीमतें घटाईं, इनमें पेरासिटामोल, शुगर और हार्ट की दवाएं शामिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (NPPA) ने 37 जरूरी दवाओं की कीमतें 10-15% तक घटा दी हैं। इनमें पेरासिटामोल, एटोरवास्टेटिन, और एमोक्सिसिलिन जैसी दवाएं शामिल हैं, जो हार्ट, डायबिटीज, और इंफेक्शन के मरीजों के लिए जरूरी हैं। शनिवार को केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने ड्रग्स प्राइज कंट्रोल ऑर्डर (DPCO), 2013 के तहत इसका नोटिफिकेशन जारी किया। यह नई कीमतें 35 अलग-अलग फॉर्मूलों पर लागू होंगी, जिन्हें बड़ी दवा कंपनियां बनाती और बेचती हैं। दर्द और बुखारः एकलोफेन्स , पेरासिटामोल और ट्रिप्सिन



चाइमोट्रिप्सिन के एक कॉम्बिनेशन टैबलेट की कीमत अब डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज के लिए 13 और कैडिला फार्मास्युटिकल्स के लिए 15.01 होगी। हृदय रोगः एटोरवास्टेटिन 40 mg और क्लोपिडोग्रेल 75 mg के कॉम्बिनेशन वाली दवा अब 25.61 प्रति टैबलेट पर मिलेगी। शुगरः एम्पाग्लिफ्लोजिन, सिटाग्लिप्टिन, और मेटफॉर्मिन जैसे कॉम्बिनेशन की कीमत 16.50 प्रति टैबलेट तय की गई है, जो टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत जरूरी है।विटामिनः विटामिन डी (Cholecalciferol) की बूंदों और डाइक्लोफेनेक इंजेक्शन की कीमत 31.77 प्रति मिलीलीटर तय की गई हैं। इसके अलावा, कोलेस्ट्रॉल और एलर्जी-अस्थमा की कुछ दवाओं के दाम भी सीमित किए गए हैं।

Maharashtra

## NCP-शरद के विधायक बोले- सनातन धर्म ने भारत बर्बाद किया



**ठाणे,(एजेंसी)** NCP (शरद गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा है कि सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद कर दिया। सनातन धर्म नाम का कोई धर्म कभी था ही नहीं। इसकी विचारधारा विकृत है। हम हिंदू धर्म के अनुयायी हैं। उन्होंने आरोप लगाया- इसी तथाकथित सनातन धर्म ने हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्याभिषेक से वंचित रखा, छत्रपति संभाजी महाराज को बदनाम किया। इसके अनुयायियों ने ज्योतिराव फुले की हत्या की कोशिश की।

आव्हाड ने कहा कि सावित्रीबाई फुले पर गोबर और गंदगी फेंकी गई। इसी सनातन धर्म ने शाहूजी महाराज की हत्या की साजिश रची। इसने डॉ. बीआर अंबेडकर को पानी पीने और स्कूल जाने तक नहीं दिया। आव्हाड ने ये भी कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ही थे, जो सनातन धर्म के खिलाफ उठे, मनुस्मृति को जलाया और उसकी दमनकारी परंपराओं को खारिज किया। आव्हाड का ये बयान मालेगांव ब्लास्ट के सभी 7 आरोपियों को बरी किए जाने और भगवा आतंकवाद पर जारी राजनीतिक बहस के बीच आया है। महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे। मालेगांव ब्लास्ट केस की शुरुआती जांच महाराष्ट्र ATS ने की थी। 2011 में केस NIA को सौंप दिया गया था।

महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस के सभी 7 आरोपियों को NIA स्पेशल कोर्ट ने 31 जुलाई को बरी कर दिया था।

Jammu

## सेना के अधिकारी ने स्पाइसजेट के 4 कर्मचारियों को पीटा

**श्रीनगर, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर एक्स्ट्रा लगेज को लेकर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई। दूसरे



का जबड़ा टूट गया। तीसरे की नाक से खून निकलने लगा। वहीं चौथा कर्मचारी बेहोश हो गया, उसके बावजूद आरोपी लातें मारता रहा। घटना 26 जुलाई की है। मामला अब सामने आया है। एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपी सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। वहीं सेना ने बयान जारी करते हुए कहा कि भारतीय सेना अनुशासन और आचरण के मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मामले की जांच में अधिकारियों को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी अफसर की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल रितेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल (HAWS) में तैनात है। पुलिस ने FIR दर्ज कर ली है। अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

Uttarpradesh

## बोलेरो नहर में गिरी, 11 की मौत



**गोंडा,(एजेंसी)** यूपी के गोंडा में रविवार सुबह 10 बजे तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि 2 लोग पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार खत्म हो गया। ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। SDRF टीम उसकी तलाश में जुटी है। बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। सभी गोंडा के मोतीगंज थाना के सीहा गांव के रहने वाले थे। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी नहर के गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी भरा है। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे और तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गई।

खेल

# चौथे दिन रूट-ब्रूक के शतक, बारिश से रुका खेल भारत जीत से चार विकेट और इंग्लैंड 35 रन दूर

**लंदन,(एजेंसी)** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। रविवार का खेल बारिश के कारण समय से पहले समाप्त हो गया। इंग्लैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। उन्हें जीत के लिए पांचवें और अंतिम दिन 35 रन बनाने होंगे। स्टंप्स के समय जेमी स्मिथ 17 गेंदों में दो रन और जेमी ओवरटन बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद हैं। वहीं, भारत के लिए इंग्लैंड की दूसरी पारी में प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन और मोहम्मद सिराज ने दो विकेट झटके। इसके अलावा आकाश दीप को एक सफलता मिली है।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। मेहमानों ने पहली पारी में करुण नायर के अर्धशतक की मदद से 224 रन बनाए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में जैक



क्राउली (64) और हैरी ब्रूक (53) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 247 रन बनाए और 23 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भारत ने यशस्वी जायसवाल के शतकीय और आकाश दीप (64), रवींद्र जडेजा (53) व वाशिंगटन सुंदर (53) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 396 रन बनाए। इस तरह भारत ने इंग्लैंड पर 373 रन की बढ़त हासिल की और उन्हें 374 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक (111) और जो रूट की शतकीय पारियों की मदद से 339 रन बना लिए हैं। चौथे दिन का खेल एक विकेट पर 50 रन से शुरू हुआ। उस वक्त बेन डकेट 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। उनका साथ देने के लिए कप्तान ओली पोप आए थे। इससे पहले शनिवार (तीसरे दिन) को तीसरे सत्र में मोहम्मद सिराज ने करारा झटका दिया। उन्होंने आखिरी गेंद पर जैक क्राउली को बोल्ड किया। वह 36 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। क्राउली और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी हुई। चौथे दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 324 रनों की जरूरत थी। 82 के स्कोर पर उन्हें दूसरा झटका लगा। प्रसिद्ध कृष्णा ने बेन डकेट को स्लिप में केएल राहुल के हाथों कैच कराया। वह 83 गेंद में छह चौके की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सिराज ने इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। उन्होंने कप्तान ओली पोप को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 34 गेंदों में पांच चौके की मदद से 27 रन बना पाए। 106 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा चुकी इंग्लैंड को जो रूट और हैरी ब्रूक का सहारा मिला। दोनों दीवार बनकर डटे रहे और टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। इस दौरान हैरी ब्रूक ने 91 गेंदो में अपने टेस्ट करियर का 10वां शतक पूरा किया। वह 98 गेंदों में 14 चौके और दो छक्के की मदद से 111 रन बनाकर आउट हुए।उन्होंने चौथे विकेट के लिए जो रूट के साथ 195 रन की साझेदारी निभाई। यह भारत के खिलाफ चौथी पारी में इंग्लैंड की ओर से दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

सिनेमा

## कास्टिंग काउच करना चाहती थीं फराह खान, इस एक्टर के साथ मिलकर दिलीप पर किया तगड़ा प्रैंक



फिल्ममेकर फराह खान का यूट्यूब चैनल काफी तेजी से पॉपुलर हुआ है और इसमें खास योगदान रहा है उनके कुक दिलीप का जो लगभग उनके हर वीडियो की जान बना रहता है। हालिया वीडियो फराह खान ने एक्टर बोमन ईरानी के साथ बनाया जिसमें फिल्ममेकर-कोरियोग्राफर फराह खान अपने कुक दिलीप कुमार के साथ मजाक करती नजर आईं। बोमन ईरानी के घर में दाखिल होने से पहले फराह खान ने अपने कुक दिलीप को समझाया कि अगर वो बोमन के साथ फ्लर्ट करें तो दिलीप प्लीज उनके पति को ना बताए। यह पूरा प्रैंक यहां से शुरू हुआ और फिर धीरे-धीरे आगे बढ़ता चला गया। पहले तो फराह खान को दिलीप को यह समझाना पड़ा कि फ्लर्टिंग होती क्या है, फिर फराह उसे समझाती हैं कि फ्लर्टिंग करना मतलब नैन-मटक्का करना। वह कहती हैं कि अगर मैं बोमन सर को गले लगाऊं या उनके साथ बैठ जाऊं तो दिलीप जाकर उनके पति को ना बताए। दिलीप पहले तो फराह को समझाने की कोशिश करता है और फिर इस जिद पर अड़ जाता है कि मैं तो सर को बताऊंगा। फराह का प्लान काम कर जाता है। फराह खान बोमन ईरानी के घर में दाखिल होती हैं और यहां उसकी पहली मुलाका बोमन की पत्नी जेनोबिया से होती है। वह उन्हें देखते ही कहती हैं कि 'आ गई मेरी सौतन'।

## Highlights

1. India lists US and EU's trade deals with Russia after Trump's tariff threat
2. Nations criticising us are doing trade with Russia: India in reply to Trump's threat
3. Cave discovered in J&K; Urdu IED manual, Chinese grenades found
4. K'taka official inspects Boliyar school after DYFI flags neglect
5. Peaceful protest against atrocities on Christian sisters in Udupi
6. B'luru security guard arrested for unzipping in front of woman
7. Argument should guide pursuit of truth:HC Justice at tribute

# Swan Defence and Heavy Industries Hits 52-Week High After Deal With US-Based Varex To Make Cargo Scanners

**NEW DEIHI, (Agency).** Swan Defence and Heavy Industries (SDHI), formerly known as Reliance Naval and Engineering, has entered into a strategic agreement with US-based Varex Imaging Corporation to manufacture advanced cargo and vehicle inspection systems in India, according to a company press release dated August 4. The shares hit a fresh 52-week high on Monday.



Varex, headquartered in Salt Lake City, Utah, develops linear accelerators and imaging technology. Under the partnership, SDHI will exclusively manufacture Varex's high-energy imaging systems at its facility in Pipavav, Gujarat. These systems are specifically designed to inspect various types of cargo at land borders and seaports, boosting national security infrastructure.

The collaboration addresses the increasing demand for sophisticated inspection technology by Indian security agencies and directly supports the government's 'Make in India' initiative, SDHI mentioned.

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!
ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए
"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...
गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।
समाज में जागरुकता फैलाये ।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

# गार्ड ने दो पिल्लों को बेरहमी से पीट डाला बोरी में बंद कर फेंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया इलाके से अमानवीय घटना सामने आई है। एक बिल्डिंग के गार्ड ने कुत्ते के दो पिल्लों को क्रूरता से पीटा और बोरी में भरकर सुनसान इलाके में फेंक दिया। घटना का वीडियो सामने आया है। जिसमें गार्ड पिल्लों को बेरहमी से डंडे से पीट और बोरी में भर रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

घटना वीणा नगर के पास स्थित पूजा सिसोदिया की कपड़ा दुकान के पास की है। कुछ दिन पहले इलाके में एक फीमेल डॉग ने पिल्लों को जन्म दिया था, जो अक्सर शॉप के पास कचरे के ढेर पर सोते देखे जाते थे। पास की ही बिल्डिंग में सिक्योरिटी गार्ड दशरथ 29 जुलाई की सुबह इन पिल्लों को डंडे से पीटते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ। इसके बाद वह उन्हें एक बोरे में भरकर ले गया और सुनसान जगह पर फेंक दिया।



शॉप की मालकिन पूजा सिसोदिया को पहले यह लगा कि पिल्ले कहीं चले गए होंगे, लेकिन जब कुछ दिनों तक उनका कोई पता नहीं चला, तब रविवार को उन्हें पड़ोसियों से बात की और उन्हें इस क्रूरता का पता चला। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखे। जिससे सारा मामला साफ हो गया। पूजा सिसोदिया ने इस मामले की शिकायत लसूड़िया पुलिस से की है और फुटेज भी सौंपे हैं। उन्होंने दोषी गार्ड के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, वीडियो सामने आने के बाद पशु प्रेमी और स्थानीय लोग इस घटना को लेकर आक्रोशित हैं।

## 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' नियम का बनाया मजाक... तो पुलिस ने सिखाया सबक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को कलेक्टर के आदेश का मजाक उड़ाना भारी पड़ गया। पुलिस ने उसको पकड़ कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी। इन्फ्लुएंसर ने माफी मांगी और वादा किया कि अब 15 दिनों तक ट्रेफिक जागरुकता संबंधित वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करेगा। द्वारकापुरी टीआइ सुशील पटेल के मुताबिक युवक का नाम रोहित मोदी (गुमाश्तानगर) है। रोहित वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम और यूट्यूब अपलोड करता था। उसके सैंकड़ों फॉलोअर्स है। उसने दो दिन पूर्व गुमाश्तानगर पेट्रोल पंप के सामने एक वीडियो बनाया था। वह उसमें हेलमेट किराये पर देकर रुपये कमाने का आइडिया बता रहा था। हाथ में हेलमेट और पोस्टर लिए रोहित लोगों को बता रहा था कि 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' के नियम के कारण वाहन चालकों को परेशान होना पड़ रहा है। इसका समाधान कर रुपये कमाने का आइडिया आया है। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने रोहित को पकड़ लिया। उसके विरुद्ध 107(16) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

फर्जी ऋण पुस्तिका बनाकर

# गंभीर आरोपों में कराता था कोर्ट से जमानत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम ने फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत कराने वाले आरोपी 55 वर्षीय सुभाष पाल को शनिवार शाम को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। वह तीन साल से फरार था। इस मामले में 38 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। उन पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज है।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत कराने के मामले में क्राइम ब्रांच की एसआईटी ने कालिंदी गोल्ड अरविंदो के सामने बाणगंगा इंदौर के रहने वाले आरोपी सुभाष पाल को गिरफ्तार किया है। टीम उससे पूछताछ कर रही है। यह कार्यवाही पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर की गई है। उन्होंने लोगों के साथ धोखाधड़ी संबंधी अपराधों को लेकर पिछले



दिनों इंदौर कमिश्नरेट में निर्देशित किया था। फरार आरोपियों की धरपकड़ और ऐसे अपराधों में लिप्त आरोपियों पर कार्रवाई के लिए एसआईटी टीम को निर्देश दिए थे। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने गिरोह बना रखा था, जो फर्जी ऋण पुस्तिका के माध्यम से आरोपियों की जमानत कराता था। पहले पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया है कि 10 साल में कई आरोपियों को फर्जी जमानतदार उपलब्ध कराए और खुद जमानतदार बनकर कई गंभीर अपराधों में जमानत ली है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक